मात्स्यिकी महाविद्यालय, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (इम्फाल)
हिंदी पखवाड़ा
(14-28 सितम्बर, 2018)

मात्स्यिकी महाविद्यालय, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (इम्फाल), लेम्बुछेड़ा, त्रिपुरा में दिनांक 14 से 28 सितम्बर 2018 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया । इस पखवाड़ा का शुभारंभ दिनांक 14-09-2017 अपरान्ह 2.0 बजे रखा गया, इसके उदघाट्न समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अजीत प्रताप सिंह, (आई पी इस), पुलिस अधीक्षक, त्रिपुरा वेस्ट, त्रिपुरा, को आमन्त्रित किया गया । मुख्य अतिथि के अतिरिक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रमोद कुमार पाण्ड़ेय, अधिष्ठाता, मात्स्यिकी महाविद्यालय, एवं प्रभारी राजभाषा डा. अनिल दत्त उपाध्याय, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक मंच पर उपस्थित थे । अपने स्वागत भाषण में अधिष्ठाता महोदय ने भारतीय संस्कृति में हिंदी भाषा का महत्व तथा सरकारी संस्थानों में हिंदी पखवाड़ा मानने का उद्देश्य पर प्रकाश डाला । उन्होंने उदघाट्न समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों से हिंदी पखवाड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए आह्वान किया । मुख्य अतिथि ने राजभाषा हिंदी की उत्पत्ति, इसका संवैधानिक महत्व एवं अंतराष्ट्रीय परिदृश्य में भाषा के महत्व को स्पष्ट किया । प्रभारी राजभाषा ने सभागार में उपस्थित सभी लोगो का अभिवादन किया और हिंदी पखवाड़ा में मनाये जाने वाले प्रतियोगी और गैर प्रतियोगी प्रतिस्पर्धाओ का विवरण प्रस्तुत किया इसके साथ ही उन्होंने ने प्रतियोगिताओ के नियम एवं पुरस्कार राशि की भी चर्चा की । उदघाट्न के दौरान विद्यार्थीयो एवं कर्मचारियों के लिए श्रुतलेख प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी । इस समारोह के अन्त में डॉ. नरेश मेहता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया ।

हिंदी पखवाड़ा के सुभारंभ हेतु दीप प्रज्ज्वलन	डॉ. प्रमोद कुमार पाण्ड़ेय, अधिष्ठाता, का स्वागत भाषण
मुख्य अतिथि का सम्बोधन	
प्रभारी, राजभाषा का सम्बोधन	श्रुतलेख प्रतियोगिता

इस **हिन्दी पखवाड़ा**-2018 **१४-२८ सितम्बर के दौरान मनाये गए कार्यक्रमों**/ प्रतियोगिताओं **का विवरण**-

क्र स॰	विषय	तिथि एवं समय
1.	उदघाट्न समारोह	14-09-2018 (2.0 PM)
2.	श्रुतलेख प्रतियोगिता	14-09-18 (3.30PM)
3.	हिंन्दी पाठन प्रतियोगिता	15-09-2018(3.0-4.30 PM)
4.	टिप्पणी लेखन प्रतियोगिता	18-09-18(3.0-4.30 PM)
5.	हिंन्दी मे तकनिकी कार्यशाशला	19-09-18(3.0-4.30 PM)
6.	बच्चो के लिए सुलेख प्रतियोगिता	23-09-18(11.30-1PM)
7.	कार्यालय उपयोगी शब्द लेखन प्रतियोगिता	24-09-18(3.0-4.30 PM)
8.	प्रार्थनापत्र लेखन प्रतियोगिता	24-09-18(3.0-4.30 PM)
9.	अन्त्याक्छरी प्रतियोगिता	25-09-18 (3.0-4.30 PM)
10.	हिंदी में वाद-विवाद प्रतियोगिता	26-09-2018(3.0-4.30 PM)
11.	कार्यालय प्रपत्रों का हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता	28-09-2018 (3.0-4.30 PM)
12.	पुरस्कार वितरण समारोह	03-10-2018 (2.30PM)

इन प्रतियोगिरताओ में महाविद्यालय के कर्मचारी, क्षात्र एवं क्षत्राये, शोधार्थी तथा बच्चे ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया । हिंदी प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों का भाग लेना आवश्यक किया गया था, जिससे उनकी अभिरुचि को हिंदी में कार्य करने के लिए बढ़ाया जा सके ।

19.09.2018 को संस्थान के कर्मचारियों के लिए " राजभाषा निति-अधिनियम एवं उपनियम" विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में श्री मुनींद्र मिश्रा, राजभाषा अधिकारी, त्रिपुरा विश्वविद्यालय, त्रिपुरा, को आमन्त्रित किया गया । श्री मुनींद्र मिश्रा ने कई देशो की भाषाओ का उदगम एवं उसका प्रचार एवं प्रसार पर प्रकाश डाला और किसी देश के लिए भाषा का महत्व के बारे में लोगो को अवगत कराया I उन्होंने हमरे संविधान में भाषा सम्बंधित अधिनियमों की चर्चा की तथा राजषाषा हिंदी के अनुपालन हेतु केंद्रीय कार्यालयो द्वारा आवश्यक कार्यवाही एवं प्रशाशनिक उत्तरदायित्वों पर भी प्रकाश डाला । उन्होंने राजभाषा अिधिनयम के प्रति जागरूक और इसे अपने दैनिक व्यवहार में अपनाने की अपील की जिससे संस्थान में राजभाषा का प्रचार-प्रसार बढ़ाया जा सके । इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में राजभाषा के अनुपालन हेतु हो रहे प्रयासों की सराहना की । निरंतर इस तरह की गतिविधियों से गतिविधियों से संस्थान में हिंदी का अनुकूल वातावरण तैयार हो होता है, जो राजभाषा के कार्यान्वयन की दृष्टि से एक अच्छा सूचक है। कार्यशाला में कुल 26 कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

बिभिन्न प्रतियोगिताओ में भाग लेने वाले प्रतियोगियों की संख्या तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों का विवरण निन्मलिखित है I

क्रम संख्या	प्रतियोगिता	दिनांक	प्रतियोगियों की संख्या	स्थान	नाम
1.	श्रुतलेख प्रतियोगिता	14-09-18 (11.30 AM)	18	I	श्री संजीव देबनाथ
				II	श्री दुलेन्द्रो देबबर्मा
				III	श्री बनलं जे मरियंगम
2.	हिंन्दी पाठन प्रतियोगिता	15-09-2018 (3.0-4.30 PM)	12	I	श्री दुलेन्द्रो देबबर्मा
				II	श्री अविजित दास
				III	श्री पुर्णेन्दु सरकार
3.	टिप्पणी लेखन प्रतियोगिता	18-09-18 (3.0-4.30 PM)	7	I	श्री काँटी भूषण भौमिक
				II	श्री अविजित दास
				III	श्रीमती सीमा देब
4.	बच्चो के लिए सुलेख प्रतियोगिता	23-09-18 (11.30-1PM)	6	I	श्री विशाल तांती
				II	कुमारी सोनम रानी
				III	कुमारी अड्या देबनाथ
					कुमारी असबरी कमीलया
5.	कार्यालय उपयोगी शब्द लेखन प्रतियोगिता	24-09-18 (3.0-4.30 PM)	11	I	श्री संजीव देबनाथ
				II	श्री सोमलांग तेसिआ
				III	कुमारी अंकिता नायक
6.	प्रार्थनापत्र लेखन प्रतियोगिता	24-09-18 (3.0-4.30 PM)	13	I	कुमारी स्नेहा चौधरी
				II	श्री सोमलांग तेसिआ
				III	श्री नरेंद्र सिन्हा
7.	अन्त्याक्छरी प्रतियोगिता	25-09-18 (3.0-4.30 PM)	18	I	1. श्री वाई जैकी सिंह 2. श्रीमती बहनी धार
				II	1. श्री सूरज मजूमदार 2. श्री रोहन सिन्हा
				III	1. कुमारी रुपी घोष 2. श्री श्रीश यादव
8.	हिंदी में वाद-विवाद प्रतियोगिता	26-09-2018 (3.0-4.30 PM)	9	I	श्री संजय शर्मा
				II	कुमारी अंकिता नायक
				III	श्री देबब्रता रॉय
9.	कार्यालय प्रपत्रों का हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता	27-09-2018 (3.0-4.30 PM)	6	I	श्री अपूर्बा देबनाथ
				II	श्री दुलेन्द्रो देबबर्मा
				III	श्री काजल चक्रबर्ती
		कुल प्रतियोगी	54		

पखवाड़ा में आयोजित कुल 9 प्रतियोगिताओ के लिए प्रथम पुरस्कार रू.1000/- द्वितीय पुरस्कार रू.750/- तथा तृतीय पुरस्कार रू.500/- दिया गया । सभी सफल प्रतियोगियों को मात्स्यिकी महाविद्यालय, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (इम्फाल), लेम्बुछेड़ा, त्रिपुरा के स्थापना दिवस 03-10-2018 पर प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

<u>हिंदी पखवाड़ा आयोजम समिति</u>

१. डॉ. अनिल दत्त उपाध्याय, २. डॉ. हिमांशु प्रियदर्शी , ३. डॉ. नरेश मेहता , ४. डॉ. ममता सिंह, ६. श्रीमती गोपा हलधर, ७. श्री पुर्णेन्दु सरकार , ८. श्री उमेश खत्री, ९. श्री अपूर्बा देबनाथ, १०. श्रीमती चंद्रा बर्मन, ११. श्री मिथुन देबनाथ.